जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

(परीक्षा विभाग)

प्रेषक :–

डॉ0 अनिल कुमार सिंह
परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
सभी शिक्षण प्रशिक्षण (B.Ed) महाविद्यालय,
छपरा / सीवान / गोपालगंज।

विषय :– **बीएड (B.Ed) द्वितीय वर्ष (2020.22) परीक्षा 2022 के परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क विश्वविद्यालय में स्वीकार करने के संबंध में।**

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक एवं निदेशानुसार सूचित करना है कि स्नातक बीएड (B.Ed) द्वितीय वर्ष (2020.22) परीक्षा 2022 परीक्षा प्रपत्र शुल्क केसाथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में निम्नरूपेण तिथि तक स्वीकार किये जाऐगे।

क्र स.	विवरणी	स्वीकार करने की तिथी
1.	विद्यार्थीयों के लिए Online form भरकर महाविद्यालय में जमा करने की तिथिः–	29.11.2022 से 03.12.2022
2.	महाविद्यालय के लिए परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथिः–	04.012.2022
3.	परीक्षा शुल्क के मद हेतु निर्धारित शुल्क मात्रः–	कुल 2445 / –(दो हजार चार सौ पैतालिस रू मात्र)

महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. परीक्षा प्रपत्र के साथ बीएड प्रथम वर्ष अंक–पत्र, प्रवेश–पत्र, विश्वविद्यालय पंजीयन प्रमाण–पत्र आदि कागजात की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अति आवश्यक है। तथा किसी भी स्थिति में CET अनुत्तीण परीक्षार्थी परीक्षा प्रपत्र भरने के पात्र नही होंगे एवम CET Counseling के उपरान्त महाविद्यालय को आवंटित विद्यार्थीयों की सूची में नामित विद्यार्थी ही परीक्षा प्रपत्र भरेंगें तथा सूची संलग्न करना आवश्यक है। संबंधित महाविद्यालय को वर्ग संचालन कम से कम 180 दिनों तक का प्रमाण–पत्र का सपथ पत्र देना आवश्यक है।
2. परीक्षा प्रपत्र में विश्वविद्यालय पंजीयन संख्या अंकित करना तथा पंजीयन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अति आवश्यक है बिना पंजीयन संख्या एवं पंजीयन प्रमाण–पत्र के परीक्षा प्रपत्र न ही स्वीकार किया जाऐगा तथा परीक्षा प्रपत्र रद्द माना जायेगा।
3. परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क इस शर्त पर स्वीकार किए जायेंगे वशर्ते की संबंधित कॉलेज को संबंधित सत्र मे एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त हो एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्धता का अनुमोदन प्राप्त हो। एतद् संबंधि पत्र की प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। किसी तरह की त्रुटि की स्थिति में सारी जवाबदेही संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।
4. छात्र परीक्षा प्रपत्र को वेबसाईट jpvadmission.org पर **online** भरकर उसकी प्रिंट कॉपी के साथ संबंधित कागजातों को संलग्न कर महाविद्यालय में सत्यापित कराकर जमा करेंगें। परीक्षा मण्डल के निर्णयानुसार केवल पंजीकृत छात्रों की परीक्षा प्रपत्र भरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। विना पंजीकृत छात्रों के परीक्षा प्रपत्र यदि सत्यापित या अग्रसारित की जाती है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्राचार्य एवं सत्यापन पदाधिकारी की होगी। परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण के पूर्व प्राचार्य अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अपनेस्तर से आश्वस्त हो लें कि परीक्षा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियॉं सही–सही भरी हों। परीक्षा प्रपत्र विषयवार छात्रों की समेकित सूची दो प्रतियों में कमांकवार एवं **online form No.** विषयवार कम्पयुटराईज्ड तथा Excel में C.D भेजा जाना आवश्यक है।
5. परीक्षा शुल्क स्थानीय एवं वाह्य सभी महाविद्यालय, जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा विश्वविद्यालय परीक्षा खाता संख्या 3113333442(IFSC:CBIN0283917, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (माला मिर्जा टुकरा विश्वविद्यालय,कैम्पस) छपरा में RTGS के माध्यम से कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा के नाम स्वीकार किये जाऐंगे। त्रुटिपुर्ण परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण की स्थिति में संबंधित प्राचार्य की जवाबदेही होगी।

नोट :परीक्षा प्रपत्र **online** भरकर उसकी प्रिन्टआउट सबंधित महाविद्यालय में जमा करने के उपरान्त विद्यार्थी उसकी एक प्रति प्रिन्टआउट कॉपी मूलप्रति / छायाप्रति **online form No.** भविष्य मे संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह0 / –
(प्रो.अनिल कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक : C/0163

दिनांक : 25/11/22

प्रतिलिपि :–

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण पदाधिकारी /लोक सूचना पदाधिकारी/ वित्त परामर्शी /वित्त पदाधिकारी/प्रसाखा पदाधिकारी एवं सहायक,पंजीयन शाखा/ भंडारपाल/परीक्षा सहायक/वेबसाईट सहायक/कुलपति/प्रति–कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/11/22

परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

25/XI/22